राजधानी •
वर्ष 16 | अंक 150 | पृष्ठ : 20
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
शनिवार, 8 सितंबर 2018

एससी-एसटी कानून में बदलाव का परीक्षण करेगा सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली-एनसीआर

एक घंटे में मेरठ से पहुंचेंगे नोएडा एयरपोर्ट

केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा-93 किलोमीटर की दूरी तय करते समय नहीं मिलेगी कोई रेड लाइट

अमर उजाला ब्यूरो

नोएडा। मेरठ से महज एक घंटे में जेवर में प्रस्तावित नोएडा एयरपोर्ट पहुंचा जा सकेगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा है कि मेरठ से नोएडा एयरपोर्ट पूरी तरह सिग्नल फ्री होगा जिससे करीब 93 किमी की दूरी महज 60 मिनट में तय की जा सकेगी। शुक्रवार को उन्होंने सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में आयोजित प्राधिकरण और आरडब्ल्यूए की बैठक में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी को नोएडा एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए काम किया जा रहा है। दिल्ली से मेरठ एक्सप्रेसवे का काम तेजी से जारी रहा है। मेरठ एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जा रहा है। दोनों एक्सप्रेसवे के जुड़ने के बाद मेरठ से सीधे सिकंद्राबाद के रस्ते सिरसा कट से यमुना एक्सप्रेसवे से होकर नोएडा एयरपोर्ट पहुंचा जा सकेगा। इसकी दूरी करीब 93 किलोमीटर बैठती है। इस पूरे रास्ते में कोई सिग्नल नहीं होगा। खास बात यह है कि इस रास्ते का इस्तेमाल औद्योगिक कॉरिडोर की तरह भी किया जा सकेगा।

महत्वपूर्ण घोषणाएं

170 एकड़ जमीन पर बॉटिनिकल गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण।

- जेवर एयरपोर्ट के लिए 70 प्रतिशत मिली जमीन
- ग्रेटर-नोएडा की तर्ज पर नोएडा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बनेगा ऑडिटोरियम।
- पोस्टर व बैनर लगाने वालों पर होगी कार्रवाई।
- बिजली की बचत के लिए एलईडी लाइट लगाने का काम तेज होगा।
- नोएडा में 15 दिन के अंदर पासपोर्ट आफिस बनाने का काम शुरू होगा।

मयूर विहार से महामाया फ्लाईओवर तक बनेगा एलिवेटेड रोड

उन्होंने कहा कि मयूर विहार से महामाया फ्लाईओवर तक 850 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है। इसका शिलान्यास शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे। एयरपोर्ट बनने के साथ ही इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसकी डीपीआर तैयार की जा रही है।

15 अक्तूबर से शुरू होगी एक्वा लाइन

प्राधिकरण के सीईओ आलोक टंडन ने कहा कि नोएडा-ग्रेनो मेट्रो की शुरुआत 15 अक्तूबर तक हो सकती है। वहीं उन्होंने आरडब्ल्यूए की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों से एक्शन प्लान बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि आरडब्ल्यूए से मंथली रिपोर्ट मांगी जाएगी, ताकि पता चले कि सेक्टर में काम किया जा रहा है या नहीं।

साफ-सफाई के लिए उन्होंने कहा कि सफाई के दौरान खर्च की गई लागत का 75 प्रतिशत हिस्सा प्राधिकरण व 25 प्रतिशत आरडब्ल्यूए वहन करेगी। सामुदायिक केंद्र से आने वाली रकम का 50 प्रतिशत हिस्सा आरडब्ल्यूए को दिया जाएगा। लावारिस कुत्तों को पकड़ने व नसबंदी का कार्य बेहतर होगा। नोएडा प्राधिकरण आवंटियों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिससे उन्हें प्राधिकरण के चक्कर न लगाने पड़े। सड़क रिसर्फेसिंग का काम शुरू होने जा रहा है। एनटीपीसी अंडरपास अक्तूबर में शुरू होगा। शहर में तीन बड़े पार्कों का भी जल्द निर्माण किया जाएगा। डस्ट फ्री सड़कों को बनाने के लिए 300 किलोमीटर तक घास लगाने का कार्य किया जा रहा है। ट्रांसपोटेशन के लिए छोटी बसें चलाई जाएंगी। ताकि जीरो माइल तक सुविधा मिल सके। सेक्टर-54 के कचरा घर में पड़े कचरे को ट्रीटमेंट कर फ्यूल बनाया जाएगा। अवैध पार्किंग के लिए योजना बनाई जा रही है। एक महीने में अवैध पार्किंग वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।